**SET-3**

**Series SSO/2**

कोड नं.
Code No. **58/2/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **29** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **29** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(ii)* प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **1 – 3** तथा **15 – 19** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका प्रत्येक का उत्तर **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **4 – 8** और **20 – 22** लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **9 – 10** और **23 – 25** भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **11 – 14** और **26 – 29** दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(vii)* उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई शब्द सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions in both the sections are compulsory.*

*(ii)* *Marks for questions are indicated against each question.*

*(iii)* *Questions No.* ***1 – 3*** *and* ***15 – 19*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in* ***one sentence*** *each.*

*(iv)* *Questions No.* ***4 – 8*** *and* ***20 – 22*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***60*** *words each.*

*(v)* *Questions No.* ***9 – 10*** *and* ***23 – 25*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***70*** *words each.*

*(vi)* *Questions No.* ***11 – 14*** *and* ***26 – 29*** *are long-answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***100*** *words each.*

*(vii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

## खण्ड अ

## SECTION A

**1.** यदि वस्तु Y की कीमत में वृद्धि से वस्तु X की माँग बढ़ती है, तो दोनों वस्तुओं के बीच यह सम्बन्ध है : (सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) प्रतिस्थापी

(ब) पूरक

(स) सम्बन्धित नहीं

(द) एक साथ माँग की जाने वाली

If with the rise in price of good Y, demand for good X rises, the two goods are : (Choose the correct alternative)

(a) Substitutes

(b) Complements

(c) Not related

(d) Jointly demanded

**2.** एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं का उपभोग करता है । यदि दोनों में एक वस्तु की कीमत गिरती है, तो अनधिमान वक्र : (सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) ऊपर की ओर खिसकता है

(ब) नीचे की ओर खिसकता है

(स) ऊपर और नीचे दोनों ओर खिसक सकता है

(द) नहीं खिसकता है

A consumer consumes only two goods. If price of one of the goods falls, the indifference curve : (Choose the correct alternative)

(a) Shifts upwards

(b) Shifts downwards

(c) Can shift both upwards or downwards

(d) Does not shift

**3.** 'क्रमसूचक' उपयोगिता से क्या अभिप्राय है ? *1*

What is 'ordinal' utility ?

4. 'सर्व शिक्षा अभियान' का भारतीय अर्थव्यवस्था के उत्पादन संभावना वक्र पर क्या प्रभाव पड़ेगा और क्यों ?

**अथवा**

भारत में बड़े स्तर पर विदेशी पूँजी के आने से उत्पादन संभावना वक्र पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है और क्यों ? *3*

What will be the impact of "Education for All campaign" (Sarv Shiksha Abhiyan) on the Production Possibilities Curve of the Indian economy and why ?

**OR**

What will likely be the impact of large scale inflow of foreign capital in India on Production Possibilities Curve and why ?

5. एक अल्पाधिकार बाज़ार में फर्मों की संख्या सीमित होने का कारण समझाइए । *3*

Explain the cause of limited number of firms in an oligopoly market.

6. अधिकतम कीमत निर्धारण से क्या अभिप्राय है ? सामान्यतः इसे किस प्रकार की वस्तुओं पर लगाया जाता है ? रेखाचित्र का उपयोग कीजिए । *3*

What is maximum price ceiling ? On what type of goods is it normally imposed ? Use diagram.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 6 के स्थान पर है ।*

***Note :*** *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 6.*

अधिकतम कीमत निर्धारण और न्यूनतम कीमत निर्धारण के बीच अंतर समझाइए । *3*

Explain the difference between maximum price ceiling and minimum price ceiling.

7. पूर्ति की कीमत लोच के माप के साथ जुड़े धन-चिह्न (plus sign) की तुलना में माँग की कीमत लोच के माप के साथ ऋण-चिह्न (minus sign) क्यों जुड़ा होता है ? समझाइए । *3*

Why is minus sign attached to the measure of price elasticity of demand of a normal good in comparison to the plus sign attached to the measure of price elasticity of supply ? Explain.

**8.** कारण बताते हुए, निम्नलिखित तालिका पर आधारित उत्पादन संभावना वक्र के आकार पर टिप्पणी कीजिए : *3*

| वस्तु X (इकाई) | वस्तु Y (इकाई) |
|---|---|
| 0 | 10 |
| 1 | 9 |
| 2 | 7 |
| 3 | 4 |
| 4 | 0 |

Giving reason, comment on the shape of Production Possibilities Curve based on the following table :

| Good X (units) | Good Y (units) |
|---|---|
| 0 | 10 |
| 1 | 9 |
| 2 | 7 |
| 3 | 4 |
| 4 | 0 |

**9.** एक उपभोक्ता एक वस्तु पर, जिसकी कीमत ₹ 1 प्रति इकाई है, ₹ 60 व्यय करता है । जब कीमत 100 प्रतिशत बढ़ जाती है, वह तब भी ₹ 60 ही व्यय करता है । प्रतिशत विधि द्वारा माँग की कीमत लोच का परिकलन कीजिए । *4*

A consumer spends ₹ 60 on a good priced at ₹ 1 per unit. When the price rises by 100 percent, he continues to spend ₹ 60 on the good. Calculate the price elasticity of demand by percentage method.

**10.** आपूर्ति से क्या अभिप्राय है ? तकनीकी प्रगति का एक वस्तु की आपूर्ति पर पड़ने वाला प्रभाव समझाइए ।

**अथवा**

'पूर्ति में परिवर्तन' से क्या अभिप्राय है ? एक वस्तु पर कर लगाने का उसकी पूर्ति पर पड़ने वाला प्रभाव समझाइए । *4*

What is supply ? Explain the effect of technological progress on supply of a good.

**OR**

What is 'change in supply' ? Explain the effect of tax imposed on a good on the supply of the good.

**11.** परिवर्ती अनुपातों के नियम के कुल उत्पादन के संदर्भ में विभिन्न चरण बताइए । प्रत्येक चरण के पीछे कारण भी दीजिए । रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए । *6*

What are the different phases in the Law of Variable Proportions in terms of Total Product ? Give reasons behind each phase. Use diagram.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 11 के स्थान पर है ।*

***Note :*** *The following question is for the **Blind Candidates** only in lieu of Q. No. 11.*

एक संख्यात्मक उदाहरण की सहायता से परिवर्ती अनुपातों के नियम के कुल उत्पादन के संदर्भ में विभिन्न चरण बताइए । प्रत्येक चरण के पीछे कारण भी दीजिए । *6*

State, on the basis of numerical example, the different phases in the Law of Variable Proportions in terms of Total Product. Give reasons behind each phase.

**12.** एक वस्तु का बाज़ार संतुलन में है । वस्तु की माँग में 'वृद्धि' हो जाती है । इस परिवर्तन के कारण होने वाले प्रभावों की श्रृंखला समझाइए । *6*

Market for a good is in equilibrium. There is 'increase' in demand for the good. Explain the chain of effects of this change.

**13.** एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं का उपभोग करता है, प्रत्येक की कीमत एक रुपया प्रति इकाई है । यदि उपभोक्ता दोनों वस्तुओं का ऐसा संयोग चुनता है जिसकी सीमांत प्रतिस्थापन दर 2 है, तो क्या उपभोक्ता संतुलन में है ? कारण दीजिए । समझाइए ऐसी स्थिति में एक विवेकी उपभोक्ता क्या करेगा ।

**अथवा**

एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है, जिनकी कीमतें क्रमश: ₹ 2 और ₹ 1 प्रति इकाई हैं । यदि उपभोक्ता दोनों वस्तुओं का ऐसा संयोग चुनता है जिसमें X की सीमांत उपयोगिता 4 और Y की भी 4 है, तो क्या उपभोक्ता संतुलन में है ? कारण दीजिए । समझाइए ऐसी स्थिति में एक विवेकी उपभोक्ता क्या करेगा । सीमांत उपयोगिता विश्लेषण का उपयोग कीजिए । *6*

A consumer consumes only two goods, each priced at Rupee one per unit. If the consumer chooses a combination of the two goods with Marginal Rate of Substitution equal to 2, is the consumer in equilibrium ? Give reasons. Explain what will a rational consumer do in this situation.

**OR**

A consumer consumes only two goods X and Y whose prices are ₹ 2 and ₹ 1 per unit respectively. If the consumer chooses a combination of the two goods with marginal utility of X being 4 and that of Y also being 4, is the consumer in equilibrium ? Give reasons. Explain what will a rational consumer do in this situation. Use Marginal Utility Analysis.

**14.** एक उत्पादक की संतुलन की शर्तों के पीछे तर्काधार समझाइए । *6*

Explain the rationale behind the conditions of equilibrium of a producer.

## खण्ड ब

## SECTION B

**15.** अन्य बातें पूर्ववत रहने पर जब विदेशी मुद्रा सस्ती होती है, तो राष्ट्रीय आय पर यह प्रभाव पड़ने की संभावना है : (सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) सकारात्मक

(ब) नकारात्मक

(स) सकारात्मक व नकारात्मक दोनों

(द) कोई प्रभाव नहीं

Other things remaining the same, when foreign currency becomes cheaper, the effect on national income is likely to be : (Choose the correct alternative)

(a) Positive

(b) Negative

(c) Positive and negative both

(d) No effect

**16.** सरकारी बजट में प्राथमिक घाटा इसके बराबर है : (सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) ब्याज भुगतान

(ब) ब्याज भुगतान – उधार

(स) उधार – ब्याज भुगतान

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Primary deficit in a government budget equals : (Choose the correct alternative)

(a) Interest payments

(b) Interest payments less borrowings

(c) Borrowings less interest payments

(d) None of the above

**17.** इनमें से कौन-सा राजस्व व्यय है ? *1*

(अ) शेयर खरीदना

(ब) उधार देना

(स) आर्थिक सहायता

(द) भूमि अधिग्रहण पर व्यय

Which one of these is a revenue expenditure ?

(a) Purchase of shares

(b) Loans advanced

(c) Subsidies

(d) Expenditure on acquisition of land

**18.** 'समग्र माँग' के कोई दो घटक बताइए । *1*

Name any two components of 'aggregate demand'.

**19.** यदि सीमांत उपभोग प्रवृत्ति = 0, गुणंक का मूल्य यह होगा : (सही विकल्प चुनिए) *1*

(अ) 0

(ब) 1

(स) 0 और 1 के बीच

(द) अनन्त

If MPC = 0, the value of multiplier is : (Choose the correct alternative)

(a) 0

(b) 1

(c) Between 0 and 1

(d) Infinity

**20.** भुगतान संतुलन लेखा में स्वायत्त (स्वंतत्र) लेनदेन और समायोजन हेतु लेनदेन के अर्थ बताइए ।

**अथवा**

भुगतान संतुलन लेखा में 'व्यापार संतुलन' और 'चालू खाता संतुलन' के अर्थ बताइए । *3*

Give the meanings of 'autonomous' transactions and 'accommodating' transactions in the Balance of Payments Accounts.

**OR**

Give the meanings of Balance of Trade and Balance on Current Account of Balance of Payments Accounts.

**21.** कारण बताते हुए समझाइए कि भुगतान संतुलन लेखा में विदेशों को दिया गया दान कहाँ दर्ज किया जाता है । *3*

Giving reasons explain where charity to foreign countries is recorded in the Balance of Payments Accounts.

**22.** यदि वास्तविक सकल देशीय उत्पाद ₹ 250 हो और कीमत सूचकांक (आधार = 100) 120 हो, तो मौद्रिक सकल देशीय उत्पाद का परिकलन कीजिए । *3*

If the Real Gross Domestic Product is ₹ 250 and the Price Index (base = 100) is 120, calculate the Nominal Gross Domestic Product.

**23.** हम ऐसा क्यों कहते हैं कि वाणिज्य बैंक मुद्रा का सृजन करते हैं जबकि हम यह भी कहते हैं कि करेंसी जारी करने का एकमात्र अधिकार केन्द्रीय बैंक को है ? समझाइए । वाणिज्य बैकों द्वारा मुद्रा सृजन का राष्ट्रीय आय पर क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है ? *4*

Why do we say that commercial banks create money while we also say that the central bank has the sole right to issue currency ? Explain. What is the likely impact of money creation by the commercial banks on national income ?

**24.** एक अर्थव्यवस्था संतुलन में है । निम्नलिखित से स्वायत्त उपभोग का परिकलन कीजिए : *4*

राष्ट्रीय आय = 1,250

सीमांत बचत प्रवृत्ति = 0·2

निवेश व्यय = 150

An economy is in equilibrium. Calculate Autonomous Consumption from the following :

National Income = 1,250

Marginal Propensity to Save = 0·2

Investment Expenditure = 150

**25.** केन्द्रीय बैंक का 'सरकार का बैंक' कार्य समझाइए ।

**अथवा**

केन्द्रीय बैंक का 'बैंकों का बैंक' कार्य समझाइए । *4*

Explain 'Government's Bank' function of the central bank.

**OR**

Explain 'Bankers' Bank' function of the central bank.

**26.** 'स्फीतिकारी अंतर' से क्या अभिप्राय है ? आरक्षित नकदी निधि अनुपात की इस अंतर को दूर करने में भूमिका समझाइए ।

**अथवा**

'अभावी माँग' से क्या अभिप्राय है ? इस अंतर को दूर करने में 'मार्जिन सम्बन्धी अपेक्षाओं' की भूमिका समझाइए । *6*

What is 'inflationary gap' ? Explain the role of Cash Reserve Ratio in removing this gap.

**OR**

What is 'deficient demand' ? Explain the role of 'Margin Requirements' in removing this gap.

**27.** स्फीतिकारी और अपस्फीतिकारी प्रवृत्तियों से लड़ने में सरकारी बजट की भूमिका समझाइए । *6*

Explain the role of government budget in fighting inflationary and deflationary tendencies.

**28.** कारण बताते हुए समझाइए कि राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाते समय निम्नलिखित के साथ क्या व्यवहार किया जाना चाहिए : *6*

(i) एक फर्म द्वारा निगम कर का भुगतान

(ii) एक कारखाने द्वारा स्वयं उपयोग के लिए मशीन खरीदना

(iii) एक चिकित्सालय द्वारा नर्सों के लिए यूनीफॉर्म खरीदना

Giving reasons explain how should the following be treated in estimation of national income :

(i) Payment of corporate tax by a firm

(ii) Purchase of machinery by a factory for own use

(iii) Purchase of uniforms for nurses by a hospital

**29.** ‘बाज़ार कीमत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद’ और ‘सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय’ परिकलित कीजिए : *6*

| | | (₹ करोड़) |
|---|---|---|
| (i) | विदेशों को निवल कारक आय | (–) 10 |
| (ii) | विदेशों को निवल चालू हस्तांतरण | 5 |
| (iii) | अचल पूँजी का उपभोग | 40 |
| (iv) | कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 700 |
| (v) | निगम कर | 30 |
| (vi) | अवितरित लाभ | 10 |
| (vii) | ब्याज | 90 |
| (viii) | किराया | 100 |
| (ix) | लाभांश | 20 |
| (x) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 110 |
| (xi) | कर्मचारियों द्वारा सामाजिक सुरक्षा अंशदान | 11 |

Calculate Net National Product at Market Price and Gross National Disposable Income :

| | | (₹ crores) |
|---|---|---|
| (i) | Net factor income to abroad | (–) 10 |
| (ii) | Net current transfers to abroad | 5 |
| (iii) | Consumption of fixed capital | 40 |
| (iv) | Compensation of employees | 700 |
| (v) | Corporate tax | 30 |
| (vi) | Undistributed profits | 10 |
| (vii) | Interest | 90 |
| (viii) | Rent | 100 |
| (ix) | Dividends | 20 |
| (x) | Net indirect tax | 110 |
| (xi) | Social security contributions by employees | 11 |